# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8377917640

क्रमांक : F.8(8)Misc./NSS/CCE/2022/Part-0168 दिनांकः नवम्बर, 2024

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– राज्य स्तरीय रेंजर लीडर बेसिक कोर्स में सहभागिता हेतु।
सन्दर्भ :– राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, बजाज नगर, जयपुर के पत्रांक प. ( )रा.मु. / 24–25 / 6290 दिनांक 13.11.2024 एवं 6353 दिनांक 14.11.2024

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि प्रदेश के सभी राजकीय महाविद्यालयों में भारत स्काउट गाइड गतिविधि प्रारम्भ करने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में दिनांक 22.11.2024 से 28.11.2024 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र जगतपुरा जयपुर में राज्य स्तरीय रेंजर लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के महाविद्यालयों की महिला संकाय सदस्य सहभागिता करेगी, जिससे महाविद्यालयों में छात्राओं हेतु व्यवस्थित रेजरिंग गतिविधियां प्रारम्भ हो सकेगी।

अतः प्रदेश के सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय की संकाय सदस्य जो उक्त शिविर में स्वेच्छा से सम्मिलित होना चाहती है उनका विवरण ई–डाक के माध्यम से दिनांक 19.11.2024 तक आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को प्रेषित करवाया जाना सुनिश्चित करें।

**यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

संलग्न– नियमावली उपरोक्तानुसार

(डॉ.कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपिः–

1. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
3. राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
3. वेबसाईड प्रभारी, आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड / ई–मेल हेतु।
4. रक्षित पत्रावली

Signature valid
Digitally signed by Krishan Kumar Kumawat
Designation : Assistant Professor
Date: 2024.11.18 11:09:39 IST
Reason: Approved

(डॉ.कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ

RajKaj Ref No.: 11791559

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015
टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2941098 ,ई–मेल:–rajscoutguide@yahoo.com

क्रमांकः– प. ( )रा.मु./24–25/6353 जयपुर, दिनांकः 14/11/2024

**श्रीमान् आयुक्त महोदय**
**आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर**

**विषयः– राज्य स्तरीय रेंजर लीडर बेसिक कोर्स हेतु आदेश प्रसारित करने के क्रम में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में **राज्य स्तरीय रेंजर लीडर बेसिक कोर्स** का आयोजन किया जा रहा है। शिविर संबंधित विस्तृत सूचनाएँ निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शिविर का नाम | **रेंजर लीडर बेसिक कोर्स** |
| 2 | तिथियां | **22.11.2024 से 28.11.2024 तक (आवासीय शिविर)** |
| 3 | स्थान व सम्पर्क सूत्र | **स्काउट/गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र जगतपुरा फाटक के पास, जगतपुरा, जयपुर।**<br>सुश्री सुयश लोढ़ा, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) – 8003097195<br>सुश्री गगन दीप कौर, सी.ओ. (गाइड) रा.मु. जयपुर – 6350389450<br>श्री भाविक सुथार, सी.ओ. (स्काउट) जगतपुरा – 7665745707 |
| 4 | पहुंच | शिविर दिनांक 22 नवम्बर 2024 को प्रारम्भ होगा। अतः प्रातः 09.00 बजे तक शिविर स्थल पर पहुंचना आवश्यक है। |
| 5 | प्रस्थान | 28 नवम्बर 2024 को मध्यान्ह पश्चात्। |
| 6 | शुल्क | पंजीकरण शुल्क – 80.00 रू. प्रति स्वयं द्वारा देय।<br>विकास शुल्क – 200.00 रू. प्रति स्वयं द्वारा देय।<br>**कुल योग – 280.00 रू.** |
| 7 | आवास व्यवस्था | आवास व्यवस्था तम्बुओं (छोलदारियों) /हट्स में निर्धारित संख्या में होगी। |
| 8 | भोजन व्यवस्था | शिविर में भोजन–नाश्ते की व्यवस्था केन्द्रीय मैस से की जावेगी। |
| 9 | यात्रा व्यय | संभागीयों का यात्रा व्यय एवं दैनिक भत्त आदेश क्रमांक पं. 8 (12) शिक्षा/ग्रुप–4/76 दिनांक 26.11.1976 के अनुसार राज्य कोष से देय होगा। इस हेतु प्रस्थान से पूर्व सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। |
| 10 | योग्यता | 1. आयु कम से कम 21 वर्ष हो।<br>2. बालिकाओं/नवयुवतियों के साथ सक्रिय रूप से काम कर सके।<br>3. एसोसिएशन स्तर पर आयोजित शिविर एवं गतिविधियों के संचालन में सहयोग करने में रूचि रखती हो।<br>4. पूर्ण स्वस्थ हो तथा शिविर श्रम वहन करने की क्षमता रखती हो। |
| 11 | पंजीकरण एवं निर्धारित संख्या | शिविर में प्रत्येक जिले से दो–दो महाविद्यालयों की एक–एक महिला व्याख्याता की प्रतिनियुक्ति सूची/आदेश की प्रति राज्य मुख्यालय भिजवाने हेतु निवेदन है। |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 12 | पोशाक | APRO – भाग 3 के अनुसार पूर्ण यूनिफार्म – रॉयल ब्ल्यू रंग की साड़ी (अपारदर्शी बिना बॉडर की), काला पेटीकोट, सफेद रंग का शर्ट (दो ढक्कनदार पॉकेट, ऑपन स्पोर्टस कॉलर, कंधे पर शॉल्डर लगे हुए), काले जूते बिना फीते वाले, मौजे स्कीन रंग के, नायलॉन का ब्राउन बैल्ट (भारत स्काउट व गाइड का बकल युक्त), स्कार्फ (ग्रुप के पंजीकृत रंग का) वोगल सहित, जूडा बनाने की सामग्री। |
| 13 | अन्य सामग्री | मौसम के अनुसार बिस्तर, बदलने के कपडे, नोटबुक, साहित्य, पेन, पेन्सिल, स्केच पेन, कार्डशीट स्वयं के खाना खाने व चाय पीने के बर्तन, नित्य उपयोगी सामग्री टार्च, 3 मीटर सूत की रस्सी, राजस्थानी पौशाक तथा स्वयं के उपयोग की दवाईयां आदि साथ लाना आवश्यक है। |
| 14 | विशेष | 1. शिविरावधि में शिविर केन्द्र छोड़ने की स्वीकृति नहीं दी जावेगी।<br>2. विलम्ब से आने वाले को स्वीकार नहीं किया जावेगा।<br>3. शिविर में किसी अन्य सदस्य को साथ न लावें अन्यथा शिविर में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा।<br>4. शिविर नियम पालन न करने पर शिविर से कार्यमुक्त करने का अधिकार शिविर संचालक के पास सुरक्षित होगा। |

अतः आपसे निवेदन है कि उक्त शिविर हेतु **प्रदेश के प्रत्येक जिले के दो–दो महाविद्यालयों से एक–एक महिला व्याख्याता** को कार्यमुक्त कर उपरोक्तानुसार तैयारी के साथ शिविर में सम्मिलित करवाने के आदेश प्रस्तारित करने की कृपा करे।

PCJain

( डॉ. पी.सी. जैन )

राज्य सचिव

Scanned with CamScanner